रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** अयस्क से धातुओं के निष्कर्षण में निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही है?

Ans
- ✗ A. शोधन → सांद्रण → अपचयन
- ✓ B. सांद्रण → अपचयन → शोधन
- ✗ C. अपचयन → शोधन → सांद्रण
- ✗ D. सांद्रण → विद्युत-अपघटन → भर्जन

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-विकल्प पिंड पर कार्यरत बल (F) के संदर्भ में, किए गए कार्य (W) और बल की दिशा में पिंड के विस्थापन (S) के बीच सही संबंध को निरूपित करता है?

Ans
- ✗ A. W = F + S
- ✗ B. W = F/S
- ✓ C. W = F × S
- ✗ D. W = F − S

**Q.3** चुंबकीय क्षेत्र, _______________ सबसे प्रबल होता है।

Ans
- ✓ A. चालक के निकट
- ✗ B. परिनालिका के बाहर
- ✗ C. चालक से समदूरस्थ
- ✗ D. चालक से दूर

**Q.4** 60 N का एक बल (F) 6 kg द्रव्यमान (m) पर कार्य करता है। इस बल द्वारा उत्पन्न त्वरण (a) क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 6.0 m/s2
- ✗ B. 0.10 m/s2
- ✓ C. 10.0 m/s2
- ✗ D. 360.0 m/s2

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा कोलॉइडी विलयन है?

Ans
- ✗ A. नमक का पानी
- ✗ B. पानी में रेत
- ✗ C. चीनी का घोल
- ✓ D. दूध

| Q.6 | ध्वनि संचरण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ध्वनि ठोस पदार्थों में सबसे तेज, द्रव पदार्थों में धीमी तथा गैसों में सबसे धीमी होती है। |
| | ✘ B. ध्वनि सभी माध्यमों में समान गति से यात्रा करती है। |
| | ✘ C. ध्वनि निर्वात में भी यात्रा कर सकती है। |
| | ✘ D. ध्वनि गैसों में सबसे तेज़, द्रवों में धीमी तथा ठोसों में सबसे धीमी होती है। |

| Q.7 | वृषण, उदर गुहा के बाह्य स्थित होते हैं, जिन्हें क्या कहा जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. मूत्राशय (Bladder) |
| | ✘ B. मूत्रवाहिनी (Ureter) |
| | ✘ C. शिश्न (Penis) |
| | ✔ D. वृषणकोष (Scrotum) |

| Q.8 | निम्नलिखित कथनों का संदर्भ लीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>कथन A: बेकिंग सोडा को तेजी से गर्म करके धावन सोडा प्राप्त किया जाता है।<br>कथन B: इसका उपयोग कांच, साबुन और कागज उद्योगों में किया जाता है। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. कथन A और B दोनों सही हैं। |
| | ✔ B. कथन A गलत है लेकिन B सही है। |
| | ✘ C. कथन A सही है लेकिन B गलत है। |
| | ✘ D. कथन A और B दोनों गलत हैं। |

| Q.9 | जब एथेनोइक अम्ल सोडियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो सामान्यतः कौन सी गैस निकलती है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. हाइड्रोजन गैस |
| | ✘ B. ऑक्सीजन गैस |
| | ✘ C. मेथेन गैस |
| | ✔ D. कार्बन डाइऑक्साइड गैस |

| Q.10 | हमारे शरीर में निम्नलिखित में से किसका पता रससंवेदी ग्राहियों (gustatory receptors) द्वारा लगाया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. गंध |
| | ✘ B. ध्वनि |
| | ✔ C. स्वाद |
| | ✘ D. प्रकाश |

| Q.11 | वे कौन-से दो भौतिक गुण हैं जो धातुओं को क्रमशः खींचकर पतले तार बनाने और पीटकर पतली चादरों के रूप में परिवर्तित करने की अनुमति देते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. उच्च गलनांक और ठोस अवस्था |
| | ✔ B. तन्यता और आघातवर्धनीयता |
| | ✘ C. ध्वानिक और चालकता |
| | ✘ D. द्युति और कठोरता |

| Q.12 | वाहनों के पश्च-दर्शी दर्पण (Rear-view mirrors) सामान्यत: __________ होते हैं। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. परवलयिक दर्पण |
| | ✘ B. अवतल दर्पण |
| | ✔ C. उत्तल दर्पण |
| | ✘ D. समतल दर्पण |

| Q.13 | __________ होने पर तारे अधिक स्पष्ट रूप से टिमटिमाते हुए दिखते हैं। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. तारों के क्षितिज के पास होने पर |
| | ✗ B. चांद के चमकीले होने पर |
| | ✗ C. आसमान बादलों से घिरा होने पर |
| | ✗ D. तारों के उनके शिरोबिन्दु पर होने पर |

| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम, लार (saliva) में होता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. सलाइवरी एमाइलेज |
| | ✗ B. कोई एंजाइम नहीं होता है। |
| | ✗ C. सलाइवरी प्रोटिएज |
| | ✗ D. सलाइवरी लाइपेज |

| Q.15 | प्रकाश संश्लेषण में उत्पादित कार्बोहाइड्रेट, जिनका तुरंत उपयोग नहीं किया जाता, पादपों में ________ के रूप में संग्रहित हो जाते हैं। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. मंड (starch) |
| | ✗ B. ग्लूकोज (glucose) |
| | ✗ C. सेल्यूलोज (cellulose) |
| | ✗ D. प्रोटीन (protein) |

| Q.16 | किसी तत्व का प्रतीक निम्नलिखित में से किसे दर्शाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तत्व का एक मोल |
| | ✗ B. परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान संख्या |
| | ✔ C. तत्व का केवल एक परमाणु |
| | ✗ D. तत्व का पूरा नाम |

| Q.17 | जब कोई धातु किसी अधातु के साथ अभिक्रिया करती है, तो सामान्यतः किस प्रकार का रासायनिक आबंध बनता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. आयनिक आबंध |
| | ✗ B. हाइड्रोजन आबंध |
| | ✗ C. धात्विक आबंध |
| | ✗ D. सहसंयोजक आबंध |

| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सा, हिबिस्कस पुष्प में वर्तिकाग्र का एक कार्य नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पराग नलिका वृद्धि को सुगम बनाना |
| | ✗ B. चिपचिपी सतह प्रदान करना |
| | ✔ C. नर जनन कोशिकाओं का उत्पादन |
| | ✗ D. पराग कण प्राप्त करना |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सी गर्भनिरोधक युक्ति सगर्भता की रोकथाम के लिए गर्भाशय में स्थापित की जाती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मौखिक गोलियां (Oral pills) |
| | ✔ B. कॉपर-T (Copper-T) |
| | ✗ C. हार्मोनल पैच (Hormonal patch) |
| | ✗ D. कंडोम (Condom) |

| | |
|---|---|
| Q.20 | किसी गर्म वस्तु को छूने पर हाथ को तेजी से पीछे खींचना ___________ का एक उदाहरण है। |
| Ans | ✗ A. हार्मोन संबंधी क्रिया (Hormonal action) |
| | ✗ B. प्रानुकूलित क्रिया (Conditioned action) |
| | ✓ C. प्रतिवर्त क्रिया (Reflex action) |
| | ✗ D. चिंतन क्रिया (Thinking action) |

| | |
|---|---|
| Q.21 | उस वैज्ञानिक का नाम बताइए जिसने तत्वों को ऐसे पदार्थों के रूप में परिभाषित किया जिन्हें रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा सरल रूप में तोड़ा नहीं जा सकता है। |
| Ans | ✗ A. रॉबर्ट बॉयल (Robert boyle) |
| | ✓ B. एंटोनी लॉरेंट लवॉज़िएर (Antoine Laurent Lavoisier) |
| | ✗ C. चार्ल्स डार्विन (Charles Darwin) |
| | ✗ D. रॉबर्ट हुकी (Robert Hookie) |

| | |
|---|---|
| Q.22 | न्यूटन के गति के तीसरे नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
| Ans | ✗ A. क्रिया और प्रतिक्रिया असमान होती हैं और एक ही पिंड पर कार्य करती हैं। |
| | ✓ B. क्रिया और प्रतिक्रिया बराबर और विपरीत होती हैं लेकिन दो अलग-अलग पिंडों पर कार्य करती हैं। |
| | ✗ C. क्रिया और प्रतिक्रिया एक ही पिंड पर कार्य करती हैं और परिमाण में बराबर होती हैं। |
| | ✗ D. क्रिया और प्रतिक्रिया एक दूसरे को रद्द कर देती हैं क्योंकि वे एक ही पिंड पर कार्य करती हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.23 | पृथ्वी और 'm' kg द्रव्यमान वाले किसी पिंड के बीच गुरुत्वाकर्षण बल 'F' N है। यदि पिंड का द्रव्यमान बढ़ाकर '4m' kg कर दिया जाए, तो पिंड और पृथ्वी के बीच गुरुत्वाकर्षण बल क्या होगा? (अन्य सभी प्राचलों को समान रखें) |
| Ans | ✗ A. F/2 N |
| | ✗ B. F/4 N |
| | ✗ C. F N |
| | ✓ D. 4F N |

| | |
|---|---|
| Q.24 | मनुष्य में वृक्कों का प्राथमिक कार्य क्या है? |
| Ans | ✗ A. ऑक्सीजन को अवशोषित करना और कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त करना |
| | ✓ B. रक्त से नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट पदार्थों को फिल्टर करना |
| | ✗ C. पाचन और पोषक तत्व अवशोषण को विनियमित करना |
| | ✗ D. पूरे शरीर में ग्लूकोज और हार्मोन का परिवहन करना |

| | |
|---|---|
| Q.25 | एक व्यवस्थित विद्युत परिपथ आरेख में, विभवांतर को मापने के लिए वोल्टमीटर को सामान्यत: किस प्रकार दर्शाया जाता है? |
| Ans | ✗ A. समांतर क्रम में जुड़ा हुआ एक वर्ग, जिसके भीतर 'V' है |
| | ✗ B. श्रेणीक्रम में जुड़ा हुआ एक वृत्त, जिसके भीतर 'A' है |
| | ✓ C. समांतर क्रम में जुड़ा हुआ एक वृत्त, जिसके भीतर 'V' है |
| | ✗ D. श्रेणीक्रम में जुड़ा हुआ एक आयत, जिसके भीतर 'R' है |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | यदि 60 अमरूदों का क्रय मूल्य 45 अमरूदों के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत कितना है (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)? |
| Ans | ✗ A. 31.33% |
| | ✗ B. 32.33% |
| | ✓ C. 33.33% |
| | ✗ D. 34.33% |

| Q.27 | यदि एक तौलिया का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 85% अधिक है तथा उस पर 20% की छूट दी जाती है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 47% |
| | ✓ B. 48% |
| | ✗ C. 45% |
| | ✗ D. 49% |

| Q.28 | यदि किसी संख्या के $\frac{4}{7}$ के 50% का 30%, 303 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6400 |
| | ✗ B. 4650 |
| | ✓ C. 3535 |
| | ✗ D. 5860 |

| Q.29 | 16%, 29% और 4% की क्रमिक छूट के लिए एकल समतुल्य छूट (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 42.75% |
| | ✗ B. 44.77% |
| | ✗ C. 41.75% |
| | ✗ D. 41.18% |

| Q.30 | पाइप A एक टैंक को 12 मिनट में भर सकता है, जबकि पाइप B पूरी तरह से भरे टैंक को 24 मिनट में खाली कर सकता है। शुरुआत में, पाइप A को खोला जाता है और 4 मिनट बाद, पाइप B को भी खोल दिया जाता है। शेष टैंक कितने समय (मिनट में) में पूरी तरह से भर जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 28 |
| | ✓ B. 16 |
| | ✗ C. 18 |
| | ✗ D. 35 |

| Q.31 | सुधा का व्यय उसकी बचत से 125% अधिक है। यदि उसका व्यय 14% कम हो जाता है और बचत 38% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2% |
| | ✗ B. 6% |
| | ✗ C. 5% |
| | ✗ D. 3% |

| Q.32 | प्रेक्षणों 64, 11, 66, 98, 25, 17, 50, 75 और 62 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 52 |
| | ✗ B. 56 - |
| | ✗ C. 45 |
| | ✗ D. 44 |

| Q.33 | यदि $\tan\theta + \cot\theta = 4$ है, तो $\sec^2\theta \times \operatorname{cosec}^2\theta$ किसके बराबर है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 24 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✗ C. 12 |
| | ✓ D. 16 |

| Q.34 | एक त्रिभुज जिसकी भुजाएं 105 cm, 137 cm और 88 cm हैं। इसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4634 |
| | ✓ B. 4620 |
| | ✗ C. 4573 |
| | ✗ D. 4598 |

| Q.35 | यदि 64 और Z का तृतीयानुपाती 4 है, तो Z का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 16 |
| | ✗ B. 14 |
| | ✗ C. 18 |
| | ✗ D. 17 |

| Q.36 | ₹25,000 का कुल लाभ P, Q और R के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि P : Q = 2 : 1 और Q : R = 11 : 7 हो। लाभ में R का हिस्सा (₹ में) कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4,275 |
| | ✓ B. 4,375 |
| | ✗ C. 4,325 |
| | ✗ D. 4,225 |

| Q.37 | अमित और राहुल के पास कुल ₹50 हैं। यदि अमित के पास राहुल से ₹16 अधिक हैं, तो राहुल के पास कितनी राशि है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹20 |
| | ✗ B. ₹16 |
| | ✗ C. ₹19 |
| | ✓ D. ₹17 |

| Q.38 | यदि $4A^2 + B^2 = 24$ और $AB = 4$ है, तो $2A + B$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\pm 3\sqrt{5}$ |
| | ✓ B. $\pm 2\sqrt{10}$ |
| | ✗ C. $\pm 2\sqrt{5}$ |
| | ✗ D. $\pm 3\sqrt{10}$ |

| Q.39 | यदि किसी आंकड़े का बहुलक उसके माध्य से 77.7 अधिक है, तो बहुलक माध्यिका से कितना अधिक है? (उत्तर ज्ञात करने के लिए मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 58.8 |
| | ✓ B. 51.8 |
| | ✗ C. 52.2 |
| | ✗ D. 47.8 |

| Q.40 | मनीष अपने घर से अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{4}$ चाल से चलने पर, अपने कार्यालय 20 मिनट देर से पहुँचता है।<br>अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 70 मिनट |
| | ✗ B. 54 मिनट |
| | ✗ C. 58 मिनट |
| | ✓ D. 60 मिनट |

| Q.41 | $\left(\sqrt{98}+\sqrt{200}-2\sqrt{8}\right)^2$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $169\sqrt{2}$ |
| | ✗ B. $169$ |
| | ✓ C. $338$ |
| | ✗ D. $13\sqrt{2}$ |

| Q.42 | 297 m और 243 m लंबी दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। पहली ट्रेन 42 km/hr और दूसरी ट्रेन 66 km/hr की चाल से गतिमान है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 13 सेकंड |
| | ✗ B. 9 सेकंड |
| | ✗ C. 8 सेकंड |
| | ✓ D. 18 सेकंड |

| Q.43 | 200 तक कितनी संख्याएँ 4 और 3 दोनों से विभाज्य हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 14 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✓ C. 16 |
| | ✗ D. 10 |

| Q.44 | P और Q मिलकर एक टंकी को 10 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले टंकी को 20 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का एक-चौथाई हिस्सा कितने घंटे में पानी से भरेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10 |
| | ✗ B. 6 |
| | ✗ C. 11 |
| | ✓ D. 5 |

| Q.45 | ₹1,000 की राशि पर वार्षिक रूप से संयोजित 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹1,640 |
| | ✗ B. ₹1,220 |
| | ✓ C. ₹1,210 |
| | ✗ D. ₹1,240 |

| Q.46 | वह सबसे छोटी प्राकृत संख्या कौन-सी है जिसे 5023 में जोड़े जाने पर प्राप्त परिणामी संख्या को 20, 98, 35 और 21 में से प्रत्येक से विभाजित करने पर शेषफल 5 बचे? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 862 |
| | ✗ B. 846 |
| | ✗ C. 855 |
| | ✗ D. 850 |

| Q.47 | किसी व्यक्ति को प्रति माह ₹7,420 वेतन प्राप्त होता है। वह प्रत्येक माह अपने वेतन के 35% की बचत करता है। उसका मासिक खर्च कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹4,857 |
| | ✓ B. ₹4,823 |
| | ✗ C. ₹4,724 |
| | ✗ D. ₹4,920 |

| Q.48 | चतुर्भुज ABCD में, ∠A = 88° और ∠B = 81° है। ∠C और ∠D के समद्विभाजक O पर मिलते हैं। ∠DOC की माप कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 84.5° |
| | ✘ B. 96° |
| | ✘ C. 81.5° |
| | ✘ D. 99° |

| Q.49 | 3 cm , 4 cm और 5 cm किनारों वाले तीन घनों को पिघलाकर एक घन बनाया जाता है। पिघलाने और पुनः ढालने के बाद कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 28% कमी |
| | ✘ B. 28% वृद्धि |
| | ✘ C. 22% कमी |
| | ✘ D. 22% वृद्धि |

| Q.50 | A और B की वर्तमान आयु 7 : 6 के अनुपात में है। आठ वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात 8 : 7 होगा। B की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 48 वर्ष |
| | ✘ B. 36 वर्ष |
| | ✘ C. 40 वर्ष |
| | ✘ D. 24 वर्ष |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 9 3 8 7 9 4 8 6 2 5 9 3 6 5 1 2 6 1 5 8 3 9 9 6 8 8 3 9 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने पूर्ण वर्ग हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है? (नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. एक |
| | ✘ B. तीन |
| | ✘ C. दो |
| | ✔ D. तीन से अधिक |

| Q.52 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>HIE 50 GHD 62 FGC 74 EFB 86 ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. DFZ 98 |
| | ✘ B. DMW 97 |
| | ✔ C. DEA 98 |
| | ✘ D. DDZ 97 |

| Q.53 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>ASE QIU GYK WOA ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. MRW |
| | ✔ B. MEQ |
| | ✘ C. MOI |
| | ✘ D. MEO |

| Q.54 | NMGT एक निश्चित तरीके से THKQ से संबंधित है। उसी प्रकार LSQR, RNUO से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, GIUH दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. MDYE |
| | ✘ B. NEYD |
| | ✘ C. MEXE |
| | ✘ D. NDXD |

| Q.55 | श्री हेपा अपनी कक्षा में नीचे से 22वें स्थान पर तथा ऊपर से 57वें स्थान पर हैं। उनकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 78 |
| | ✘ B. 77 |
| | ✘ C. 76 |
| | ✘ D. 75 |

| Q.56 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी हैमर, एनविल हैं।<br>सभी एनविल, धातु हैं।<br>सभी धातु, प्लास्टिक हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>**(I)** सभी हैमर, प्लास्टिक हैं।<br>**(II)** कुछ प्लास्टिक, एनविल हैं। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✔ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| Q.57 | दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।<br><br>(बाएं) 7 4 3 1 9 6 7 2 3 8 1 8 8 4 1 1 9 3 5 2 3 8 1 8 6 1 4 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 7 |
| | ✘ B. 8 |
| | ✔ C. 6 |
| | ✘ D. 5 |

| Q.58 | सुनील बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 64 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 63 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 67 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 78 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. उत्तर में 17 km |
| | ✘ B. दक्षिण में 14 km |
| | ✘ C. उत्तर में 16 km |
| | ✔ D. दक्षिण में 15 km |

| Q.59 | उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>JS-LU-OQ<br>LU-NW-QS |
|---|---|
| Ans | ✗ A. NW-PY-SV |
| | ✗ B. MW-PY-SV |
| | ✗ C. MW-PZ-SV |
| | ✓ D. NW-PY-SU |

| Q.60 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>10 C 6 B 2 D 45 A 5 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 17 |
| | ✓ B. 13 |
| | ✗ C. 15 |
| | ✗ D. 18 |

| Q.61 | वरुण बिंदु M से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 8 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 10 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 3 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 15 km गाड़ी चलाता है और बिंदु Y पर रुकता है। बिंदु M के सापेक्ष बिंदु Y कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में है?<br><br>(जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दक्षिण की ओर 8 km |
| | ✓ B. दक्षिण की ओर 12 km |
| | ✗ C. पूर्व की ओर 8 km |
| | ✗ D. पूर्व की ओर 12 km |

| Q.62 | छह व्यक्ति, L, M, N, O, P और Q, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N पंक्ति के बाएँ छोर पर बैठा है। N और Q के बीच केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं। L, P के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M, L के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। दी गई व्यवस्था के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक जैसे हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। कौन-सा उस समूह से संबंधित नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. LM |
| | ✗ B. NO |
| | ✓ C. OP |
| | ✗ D. PL |

| Q.63 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>72 A 4 C 6 B 9 D 20 A 2 C 88 A 8 D 15 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 58 |
| | ✗ B. 42 |
| | ✗ C. 88 |
| | ✗ D. 75 |

| | |
|---|---|
| Q.64 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. YZ-DE |
| | ✓ B. MN-QU |
| | ✗ C. NO-ST |
| | ✗ D. RS-WX |

| | |
|---|---|
| Q.65 | कार्तिक अपनी कक्षा में ऊपर से 19वें और नीचे से 54वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
| Ans | ✓ A. 72 |
| | ✗ B. 73 |
| | ✗ C. 70 |
| | ✗ D. 71 |

| | |
|---|---|
| Q.66 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'what you have' को 'nq jl mk' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'have you been' को 'rs nq jl' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'been' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
| Ans | ✗ A. jl |
| | ✗ B. mk |
| | ✗ C. nq |
| | ✓ D. rs |

| | |
|---|---|
| Q.67 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br><br>'A ± B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है',<br>'A * B' का अर्थ है 'A, B की पुत्री है',<br>'A ₹ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है' और<br>'A # B' का अर्थ है 'A, B का भाई है'।<br><br>यदि 'D * R ₹ A # C ± O' हो, तो D और O का क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ A. पत्नी |
| | ✗ B. माता की बहन |
| | ✓ C. पत्नी की बहन |
| | ✗ D. बहन |

| | |
|---|---|
| Q.68 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 2 4 2 7 4 8 9 6 9 1 1 2 4 5 7 5 2 3 1 3 9 5 4 4 7 9 3 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं (बाएं से दाएं), जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 2 |
| | ✓ C. 3 |
| | ✗ D. 5 |

| | |
|---|---|
| Q.69 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>382 392 400 406 410 ? |
| Ans | ✗ A. 411 |
| | ✗ B. 413 |
| | ✓ C. 412 |
| | ✗ D. 416 |

| Q.70 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. IO - KQ |
| | ✗ B. JP - LR |
| | ✔ C. CI - EL |
| | ✗ D. NT - PV |

| Q.71 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>3, 5, 9, 17, 33, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 59 |
| | ✗ B. 62 |
| | ✗ C. 57 |
| | ✔ D. 65 |

| Q.72 | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 358 657 524 493 249 (दाएं)<br><br>(उदाहरण: 697 में - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ दिया जाए, तो परिणाम कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12 |
| | ✗ B. 13 |
| | ✔ C. 14 |
| | ✗ D. 11 |

| Q.73 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'error mall bat' को 'yr uh cl' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'gap error unit' को 'uh at nk' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'error' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. yr |
| | ✗ B. at |
| | ✗ C. cl |
| | ✔ D. uh |

| Q.74 | श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्नों (?) के स्थान पर समान क्रम में कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए?<br><br>789 779 769 ? 749 ? 729 |
|---|---|
| Ans | ✗ A. क्रमशः 759 और 729 |
| | ✗ B. क्रमशः 749 और 739 |
| | ✗ C. क्रमशः 769 और 739 |
| | ✔ D. क्रमशः 759 और 739 |

| Q.75 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी परमाणु, प्रोटॉन हैं।<br>कुछ प्रोटॉन, न्यूट्रॉन हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) सभी परमाणु, न्यूट्रॉन हैं।<br>(II) कोई न्यूट्रॉन, प्रोटॉन नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। |
| | ✔ B. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। |

| Q.76 | निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या युग्म का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटकीय अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>17, 33<br>13, 25 |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 31, 61 |
| | ✗ B. 54, 108 |
| | ✗ C. 74, 146 |
| | ✗ D. 23, 35 |

| Q.77 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, A के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। C, D के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। C, A का निकटतम पड़ोसी है। B, E के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। E और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. एक भी नहीं |
| | ✗ D. दो |

| Q.78 | संख्या 8325716 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✔ B. एक |
| | ✗ C. तीन |
| | ✗ D. एक भी नहीं |

| Q.79 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से MIDQ का संबंध CYTG से है। उसी प्रकार, YUPC का संबंध OKFS से है। इसी तर्क के अनुसार, UQLY का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. KOBI |
| | ✔ B. KGBO |
| | ✗ C. KOLP |
| | ✗ D. KGHY |

| Q.80 | छह शिक्षक - जूडिथ, अनिल, मिरियम, बीना, टेरेसा और जेसन - एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। जूडिथ, अनिल के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। मिरियम और बीना दोनों का निकटतम पड़ोसी अनिल है। टेरेसा, मिरियम के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। जेसन, अनिल के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।<br>जेसन के बाईं ओर से गिनने पर, जेसन और जूडिथ के बीच कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मिरियम |
| | ✗ B. अनिल |
| | ✓ C. टेरेसा |
| | ✗ D. बीना |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | जून 2025 में किस लेखक ने अपने उपन्यास 'राम C/O आनंदी' के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार जीता? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. अखिल पी धर्मजन |
| | ✗ B. कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट |
| | ✗ C. पार्वती तिर्की |
| | ✗ D. विकास स्वरूप |

| Q.82 | मोहनलाल को भारतीय सिनेमा में उनके प्रतिष्ठित योगदान के लिए सितंबर 2025 में निम्नलिखित में से किस भारतीय सिनेमा पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार, 2025 |
| | ✗ B. फ़िल्मफ़ेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2024 |
| | ✗ C. पद्म श्री, 2025 |
| | ✓ D. दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2023 |

| Q.83 | मार्च 2025 में इसरो (ISRO) द्वारा घोषित चंद्रयान-5 मिशन के लिए कौन से देश आपसी सहयोग (collaborating) कर रहे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. भारत और जापान |
| | ✗ B. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका |
| | ✗ C. भारत और चीन |
| | ✗ D. भारत और रूस |

| Q.84 | मई 2025 में, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा एको जनरल इंश्योरेंस पर ₹1 करोड़ का जुर्माना क्यों लगाया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. स्वास्थ्य बीमा दावों के अस्वीकरण के कारण |
| | ✗ B. ULIP की गलत बिक्री के कारण |
| | ✗ C. ऋणशोधन क्षमता अनुपात को पूरा करने में विफलता के कारण |
| | ✓ D. किसी अपंजीकृत मध्यस्थ को भुगतान के कारण |

| Q.85 | जेंडर-संवेदनशील योजना और बजट बनाने में सहायता करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए पोर्टल का नाम क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. जेंडर बजटिंग नॉलेज हब (Gender Budgeting Knowledge Hub) |
| | ✗ B. जेंडर प्लानिंग एंड बजट पोर्टल (Gender Planning & Budget Portal) |
| | ✗ C. जेंडर इक्वलिटी रिसोर्स हब (Gender Equality Resource Hub) |
| | ✗ D. वुमन्स फ़ाइनेंस पोर्टल (Women's Finance Portal) |

| Q.86 | 2025 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित पांडुलिपि विरासत पर प्रथम वैश्विक सम्मेलन की विषयवस्तु (थीम) क्या थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. विरासत अध्ययन के माध्यम से भारत के प्राचीन ज्ञान का संरक्षण (Preserving India's Ancient Wisdom through Heritage Studies) |
| | ✗ B. साझा विरासत के माध्यम से एशियाई पांडुलिपि परंपराओं को पुनर्जीवित करना (Reviving Asian Manuscript Traditions through Shared Heritage) |
| | ✓ C. पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान विरासत को पुनः प्राप्त करना (Reclaiming India's Knowledge Legacy through Manuscript Heritage) |
| | ✗ D. विरासत उपकरणों के माध्यम से सांस्कृतिक ज्ञान के लिए डिजिटल अभिलेखागार (Digital Archives for Cultural Knowledge through Heritage Tools) |

| Q.87 | 2025 खो-खो विश्व कप में, भारतीय पुरुष टीम ने फाइनल मैच में किस विपक्षी टीम को हराकर पहली बार चैंपियनशिप का खिताब जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बांग्लादेश |
| | ✗ B. श्रीलंका |
| | ✓ C. नेपाल |
| | ✗ D. पाकिस्तान |

| Q.88 | निम्नलिखित में से किस संगठन ने 'नियोक्ता और कर्मचारी पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना' (SPREE 2025) शुरू की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था |
| | ✗ B. वित्त मंत्रालय |
| | ✓ C. कर्मचारी राज्य बीमा निगम |
| | ✗ D. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन |

| Q.89 | अक्टूबर 2025 में, भारत की प्रथम चीता सफारी किस राष्ट्रीय उद्यान में शुरू हुई? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. कूनो राष्ट्रीय उद्यान |
| | ✗ B. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान |
| | ✗ C. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान |
| | ✗ D. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान |

| Q.90 | निम्नलिखित में से किसने अगस्त 2025 में 'आपदा प्रबंधन एवं क्षमता निर्माण' पर संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. निर्मला सीतारमण |
| | ✗ B. राजनाथ सिंह |
| | ✗ C. नरेंद्र मोदी |
| | ✓ D. अमित शाह |

| Q.91 | 2025 में किस रक्षा अभ्यास में, फ्रांसीसी विमान-वाहक चार्ल्स डी गॉल (French carrier Charles de Gaulle) शामिल होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. TROPEX |
| | ✗ B. टाइगर ट्रायम्फ (Tiger Triumph) |
| | ✗ C. धर्म गार्जियन (Dharma Guardian) |
| | ✓ D. वरुण (Varuna) |

| Q.92 | 10वीं सतत विकास रिपोर्ट में भारत की SDG रैंकिंग किसके द्वारा जारी की गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. विश्व बैंक की रिपोर्ट (World Bank Report) |
| | ✓ B. संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क (UN Sustainable Development Solutions Network) |
| | ✗ C. विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट (World Economic Forum Report) |
| | ✗ D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट (International Monetary Fund Report) |

| | |
|---|---|
| Q.93 | भारतीय रिजर्व बैंक की अक्टूबर 2025 मौद्रिक नीति रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के लिए संशोधित GDP वृद्धि पूर्वानुमान _____ है। |
| Ans | ✗ A. 5.8% |
| | ✗ B. 5.5% |
| | ✗ C. 6.5% |
| | ✓ D. 6.8% |

| | |
|---|---|
| Q.94 | अप्रैल 2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी पी.आर. श्रीजेश को राष्ट्रपति भवन में सम्मानित नागरिक सम्मान किस श्रेणी में दिया गया था? |
| Ans | ✗ A. भारत रत्न |
| | ✗ B. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार |
| | ✓ C. पद्म पुरस्कार |
| | ✗ D. शौर्य पुरस्कार |

| | |
|---|---|
| Q.95 | पाकिस्तानी क्रिकेटर सना मीर को जून 2025 में कौन-सा अवॉर्ड मिला? |
| Ans | ✗ A. एशिया वुमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर |
| | ✓ B. ICC हॉल ऑफ फेम |
| | ✗ C. PCB लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड |
| | ✗ D. ICC बेस्ट बॉलर अवॉर्ड |

| | |
|---|---|
| Q.96 | केंद्रीय बजट 2025 में घोषित शिक्षा के लिए एआई उत्कृष्टता केंद्र (AI Centre of Excellence for Education) से किस क्षेत्र को सर्वाधिक लाभ होने की संभावना है? |
| Ans | ✓ A. शिक्षा |
| | ✗ B. कृषि |
| | ✗ C. पर्यटन |
| | ✗ D. विनिर्माण |

| | |
|---|---|
| Q.97 | किस देश की बधिर क्रिकेट टीम ने 2025 में त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाफ ऐतिहासिक 5-मैचों की सिरीज जीती? |
| Ans | ✓ A. भारत |
| | ✗ B. ऑस्ट्रेलिया |
| | ✗ C. इंगलैंड |
| | ✗ D. पाकिस्तान |

| | |
|---|---|
| Q.98 | अगस्त 2025 में आयोजित मौद्रिक नीति समिति (MPC) की 56वीं बैठक में, वर्तमान और उभरती व्यापक आर्थिक स्थिति का आकलन करने के बाद, MPC ने नीतिगत रेपो दर को _______ पर बनाए रखने के लिए मतदान किया। |
| Ans | ✓ A. 5.50% |
| | ✗ B. 6.40% |
| | ✗ C. 5.40% |
| | ✗ D. 8.50% |

| | |
|---|---|
| Q.99 | कौन-सा अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी 2025 में विश्व का नंबर 1 खिलाड़ी बन गया, जो उसके देश के इतिहास में पहली बार हुआ? |
| Ans | ✗ A. लोह कीन यू (Loh Kean Yew) |
| | ✗ B. कोडाई नाराओका (Kodai Naraoka) |
| | ✓ C. कुनलावुत विटिडसर्न (Kunlavut Vitidsarn) |
| | ✗ D. लक्ष्य सेन (Lakshya Sen) |

| Q.100 | सहकारी समितियों के लिए डिजिटल वाणिज्य को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय सहयोग नीति, 2025 के तहत निम्नलिखित में से किन प्लेटफॉर्म को एकीकृत किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. RuPay और UPI (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस) |
| | ✗ B. GSTN और DigiLocker |
| | ✓ C. GeM (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) और ONDC (ओपेन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) |
| | ✗ D. e-NAM (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) और e-Shram पोर्टल |

"